# त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस का सघन पैदल भ्रमण और जनसंवाद

- शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्थाएं
- बनाएं रखने के लिए कार्रवाई।

**बड़वानी, ( नवभारत )।** त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा सघन पैदल भ्रमण एवं जनसंवाद अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा आमजनों, महिलाओं एवं बच्चों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

### त्यौहारों को लेकर विशेष संवाद

ग्रामीण क्षेत्रों में गणगौर पर्व एवं अन्य त्यौहारों के आयोजन एवं विसर्जन को लेकर आमजनों से सकारात्मक चर्चा की गई। कार्यक्रमों के दौरान यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि सभी त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। पुलिस द्वारा आमजनों को समझाईश दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर सावधानी बरतें तथा किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचे।

### अभियान का उद्देश्य

अभियान का उद्देश्य जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करना, सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना एवं यातायात अनुशासन सुनिश्चित करना है। यह अभियान आगामी दिनों में भी सतत रूप से जारी रहेगा। इस दौरान जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) थाना प्रभारी एवं पुलिस बल का योगदान रहा।

### जनजागरूकता के प्रमुख बिंदु

चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन एवं इमरजेंसी सेवाओं की जानकारी दी गई। बाल विवाह रोकथाम के संबंध में समझाइश दी गई। वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग हेतु प्रेरित किया। नशा कर वाहन न चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया।

### आम लोगों से की अपील...

सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक, भड़काऊ या अपमानजनक पोस्ट सांझा न करें।

यातायात नियमों का पालन करें एवं वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखे।

हैलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे।

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गैंग पकड़ाई

**निवाली ( नवभारत )।** पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करों की गैंग के बदमाशों को पकड़ा है। इन तस्करों से 5 नग हस्तनिर्मित पिस्टल, एक मोबाइल फोन, एक बुलेट मोटरसाइकिल बिना नंबर की रॉयल एनफील्ड कंपनी कुल कीमत 325200 विधिवत जब्त किए गए।

पुलिस कप्तान पदम विलोचन शुक्ल के निर्देश में अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोपियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए हथियारों की तस्करी की जा रही थी।

### एसपी ने की टीम को नकद ईनाम की घोषणा

तलाशी लेने पर आरोपी के पास हस्तनिर्मित देशी पिस्टल 5 नग, बैग में नकदी 1000 रुपए, एक मोबाइल, एक बुलेट बाईक बिना नंबर की रॉयल एनफील्ड कंपनी मिली। अवैध हथियार की तस्करी में और भी बदमाशों के संलिप्त होने की संभावना से नकारा नहीं जा सकता। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी, कमलेश कुशवाहा, उमाशंकर मंडलोई, रवि जाधव, आर प्रकाश ठाकुर, आर सुमेरसिंह की भूमिका रही। एसपी ने टीम को ईनाम की घोषणा की है।

ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने अवैध फायर आर्म्स ले जाते हुए आरोपी कृपालसिंह पिता कैलाश टकराना निवासी उडी खोडरी पलसूद को पकड़ा।

थाना प्रभारी ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। 22 मार्च को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति पलसूद रोड़ सिंदडी फाटे के आगे बिजली की ग्रेड के पास वझर बाईक से इधर-उधर घूम रहा है। जिस पर विश्वास कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। एसपी के निर्देश एवं एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी के नेतृत्व में टीम गठित कर भेजी गई। टीम ने उक्त स्थान के आसपास पहुंचकर मुखबर द्वारा बताए गए हुलिए अनुसार संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। नाम पता पुछने पर कृपालसिंह पिता कैलाश टकराना निवासी ऊण्डी खोदरी पलसूद बताया।

## गणगौर पर्व मनाया

**बड़वानी।** रूकमणी नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में गणगौर पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में शोभा शर्मा, शीतल पांडे, छाया डोंगरे, नीता जादौन, भावना सोनी, रेखा सोनी, अर्चना सोनी सहित अन्य महिलाओं की सहभागिता रही। विशेष रूप से दूल्हा बने वैष्णव और दुल्हन बनी मीनू मंडलोई आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर पारंपरिक फूल पाती का आयोजन भी किया गया। जिसमें महिलाओं ने हर्षोल्लास से भाग लिया।

# डीसीए रेड ने जमाया फाइनल पर कब्जा

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर 19 ट्राई सीरीज का आयोजन किया। जिसमें 3 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने आपस में लीग मैच खेले। फायनल मैच डीसीए रेड व अंजड़ क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। अंजड़ टीम 16 ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। डीसीए रेड ने 15 ओवर में 112 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीता।

विजेता टीम और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। मेन ऑफ द सीरीज अश्विन जमरे रहे, वहीं बेस्ट बैटर पियूष नायक, बेस्ट बॉलर लवेश यादव और मेन ऑफ द फायनल अश्विन जमरे को ट्रॉफी दी गई। पुरस्कार वितरण में काली चरण तिवारी, इन दास आर्य, सागर बर डे, हर्ष चौहान आदि मौजूद थे। आभार प्रदर्शन रविन्द्र चौहान ने माना। प्रतियोगिता में पृथ्वीराज सक्षम गौड़, आर्यन निगवाल, राज पवार, रविन्द्र चौहान का योगदान रहा।

# पुलिसकर्मियों ने पेश की मानवता की मिसाल

- वाहन का किराया देकर महिला के पार्थिव शरीर को पहुंचाया पलवट

**बड़वानी, ( नवभारत )।** सांई मंदिर के सामने सीवरेज वालों की खाली झोपड़ी में पलवटख्याटी की एक महिला का निधन हो गया। पति की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अपने चार छोटे-छोटे बच्चे और पार्थिव शरीर को ग्राम ले जाने के लिए परेशान रहे थे।

### खाने-पीने की सामग्री भी दी

रहवासियों ने पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। जिस पर पुलिस विभाग के देवीसिंह मंडलोई, अनारसिंह चौहान, खड़कसिंह मुवेल, दीपक देवलिया तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन भी वहां पहुंचे और मारुति वैन से महिला के पार्थिव शरीर, पति और बच्चों को पलवट रवाना किया। चारों पुलिसकर्मियों ने गाड़ी का किराया दिया और बच्चों के लिए खाने पीने की सामाग्री देकर उन्हें रवाना किया। पुलिस पुलिसकर्मियों के पुनीत कार्य की रहवासियों ने प्रशंसा की। इस कार्य में पूर्व पार्षद शंकर बिलवाल का भी सहयोग रहा।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**बड़वानी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत बड़वानी के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 19-20 मार्च पीजी कॉलेज परिसर में किया गया। जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कबड्डी पुरुष वर्ग, खो-खो (महिला वर्ग), 200 मीटर दौड़ महिला एवं पुरूष वर्ग लंबी कूद महिला एवं पुरूष वर्ग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## एक नजर में

### हर्षोल्लास के साथ मनाई मीठी ईद

**महू.** शहर में शनिवार को मुस्लिम समाज ने ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया. किशनगंज नाके पर स्थित ईदगाह में सुबह ईद की नमाज अदा की गई. शहर काजी मौलाना जाबिर साहब ने नमाज अदा करवाई और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी .इस अवसर पर मौलाना जाबिर साहब ने समाज के लोगों को शांति बनाए रखने और गरीबों की मदद करने का संदेश दिया. इस अवसर पर देश में अमन-चैन और भाईचारे के लिए विशेष दुआ भी मांगी गई. सुबह से ही पूरे शहर में ईद का उल्लासपूर्ण माहौल देखा गया. पत्ती बाजार, टाल मोहल्ला, किरवानी मोहल्ला और हम्माल मोहल्ला क्षेत्रों में ईद मिलन समारोह आयोजित किए गए। इन समारोहों में लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी और मीठी सिवइयां व खीर खिलाकर मुंह मीठा कराया. ईदगाह के बाहर समाज बंधुओं को मुबारकबाद देने के लिए कई राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे. इनमें महू एसडीएम राकेश परमार, एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी, एसडीओपी ललित सिकरवार, तहसीलदार विवेक सोनी, महू थाना प्रभारी राहुल शर्मा, किशनगंज थाना प्रभारी अमित कुमार और यातायात सूबेदार विनोद यादव शामिल थे. छावनी परिषद की ओर से मनीष अग्रवाल और अनिल भाटी भी उपस्थित थे। परिषद ने साफ-सफाई, बिजली और पानी की पर्याप्त व्यवस्था की थी, साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था.

### चाकू मारकर जान से मारने की दी धमकी

**इंदौर.** पलासिया थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें युवक घायल हो गया है. थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि घटना तारण अस्पताल के सामने हुई. बिनोबा नगर में रहने वाला 20 वर्षीय फरियादी कुणाल ने बताया कि पारसी मोहल्ले में रहने वाले कालू उर्फ कुलदीप बौरासी ने उसे रोका और साथ रहने वाले लोगों को लेकर विवाद करने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी. इस दौरान आरोपी ने जूते में छुपाकर रखा चाकू निकालकर कुणाल पर हमला कर दिया, जिससे उसे पसली और जांघ में चोट आई. आरोपी ने जाते-जाते धमकी दी कि पुलिस में शिकायत करने पर जान से खत्म कर देगा. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### अटेंडेंस लगाकर गायब होने वाले डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस

**महू.** शहर में जहां शासकीय डॉ. अंबेडकर अस्पताल पहले से ही डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है, वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति का सामना मरीजों को करना पड़ रहा है. हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कई जगह डॉक्टर अटेंडेंस लगाकर गायब हो जाते हैं, तो कहीं-कहीं कई दिनों तक स्वास्थ्य केंद्रों के ताले तक नहीं खुलते. मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएमओ डॉ. योगेश सिंगारे ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों और स्टॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं. जिन्हें नोटिस थमाए गए, उनमें डॉ. इनोसेंट मसीह (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गवली पलासिया), डॉ. पीयूष तिवारी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगोरा), डॉ. सोनाली बिलोनिया (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरोल) तथा फार्मासिस्ट संदीप ठाकुर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगोरा) शामिल हैं. बीएमओ डॉ. सिंगारे के अनुसार इन डॉक्टरों और फार्मासिस्ट द्वारा सार्थक एप पर नियमित रूप से चेक-इन और चेक-आउट दर्ज नहीं किया जा रहा था, कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं हुआ. जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि समय पर उपस्थिति दर्ज करना सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है.

# एक बदमाश जिलाबदर, दूसरे को उल्लंघन करते पकड़ा

**इंदौर.** शहर में अपराध नियंत्रण के तहत पुलिस प्रशासन ने बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को जिलाबदर किया है, वहीं एक बदमाश को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया है.

पहला मामला परदेसीपुरा थाना क्षेत्र का है. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि शीलनाथ कैम्प में रहने वाला 25 वर्षीय राज उर्फ राज वर्मा को आपराधिक गतिविधियों में लगातार शामिल पाए जाने पर छह माह के लिए इंदौर सहित आसपास के जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश जारी किए हैं. आरोपी पर पहले से कई मामले दर्ज है, जिन्हें देखते हुए उक्त कार्रवाई की गई है. इसी तरह में दूसरी कार्रवाई छत्रीपुरा थाना थाना पुलिस ने की है, थाना प्रभारी सजीव श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने जिला बदर घोषित लिस्टेड बदमाश कृष्णा उर्फ किन्ना उम्र 22 साल निवासी समाजवाद नगर को शहर की सीमा में घुसते ही पकड़ लिया. गुंडा चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से उसकी तलाश की और हीरा नगर क्षेत्र के सुखलिया इलाके में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जिला बदर आदेश के उल्लंघन पर प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है.

# दो नाबालिग सहित 3 मोबाइल स्नैचर बदमाश धराए

- आरोपियों से 2 लाख से अधिक के मोबाइल बरामद

**इंदौर. हीरा नगर पुलिस ने मोबाइल छीनने की वारदातों में लिप्त तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपए से अधिक कीमत के मोबाइल फोन बरामद किए हैं. आरोपियों में दो नाबालिग शामिल हैं.**

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं सामने आने के बाद विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी. जांच के दौरान तीन बदमाशों को पकड़ा गया है, इनमें से एक बालिग राजवीर पिता गुरजंट सिंह संधू उम्र 19 साल 508 खालसा चौक निरंजनपुर हैं, जबकि दो आरोपी नाबालिग हैं. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नशे के आदी हैं और इसी लत को पूरा करने के लिए राह चलते लोगों से मोबाइल छीनकर फरार हो जाते थे. बाद में ये मोबाइल सस्ते दामों में बेच दिए जाते थे. पुलिस ने आरोपियों के पास से दो लाख रुपए से अधिक मोबाइल जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है. आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है. वहीं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है.

### बालगृह की सुरक्षा में सेंध दिव्यांग बालक हुआ गायब

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित बालगृह से 12 वर्षीय दिव्यांग बालक के गायब होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया. भाग्यश्री कॉलोनी में रहने वाले फरियादी नीता जैन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. नीता ने पुलिस को बताया कि परदेशीपुरा स्थित समाज कल्याण परिसर, बालगृह से दोपहर 1 से शाम 5 बजे के बीच 12 वर्षीय बालक गुड्डू लापता हो गया. विशेष निगरानी में रखे जाने वाले बालगृह से एक दिव्यांग बालक इस तरह कैसे बाहर कैसे चला गया. बिना अनुमति किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा उसे ले जाना सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करता है.

## गर्ल फ्रेंड से बात करने पर विवाद में मारपीट कार चढ़ाकर किया जानलेवा हमला

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में महिला मित्र से बातचीत को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. युवकों के एक समूह ने छात्र और उसके साथियों के साथ पहले तो मारपीट की, फिर तेज रफ्तार कार से टक्कर मारकर दो युवकों को घायल कर दिया. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि घटना देर रात करीब 8 से 8.30 बजे के बीच होल्कर कॉलेज के मेन गेट के सामने सर्विस रोड पर हुई. खंडवा नाका स्थित गणेश नगर में रहने वाले 19 वर्षीय फरियादी प्रियम द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वरुण त्यागी अपने साथियों के साथ आया और महिला मित्र से बातचीत को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा. कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ बिना नंबर की स्कॉर्पियो और स्कूटी से वापस आया और प्रियम सहित उसके दोस्तों कृष्णपाल, राज पटेल, आकाश बघेल और आनंद विश्वकर्मा के साथ लात-घूंसे से मारपीट की.

### तलवार के साथ युवक को पकड़ा

इंदौर. तेजाजी नगर पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया है. सब उपनिरीक्षक अंतरसिंह सोलंकी ने बताय कि देर रात करीब 9:30 बजे करबला के पास नायता मुंडला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 21 वर्षीय रामविलास जाट निवासी ग्राम गुलास तहसील टिमरनी जिला हरदा, हाल पता नायता मुंडला इंदौर, को पकड़ा. आरोपी के कब्जे से लोहे की धारदार तलवार जब्त की गई.

## एक नजर में — ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर किराना दुकानों को बना रहीं निशाना

# शहर में नकाबपोश महिलाओं का गिरोह सक्रिय

**इंदौर. इन दिनों बाजारों में बढ़ी भीड़ के बीच शहर में ठगी का नया तरीका सामने आया है. नकाबपोश महिलाओं का एक गिरोह किराना दुकानों पर पहुंचकर ऑनलाइन भुगतान का झांसा दे रहा है और सामान लेकर फरार हो जा रहा है. लगातार सामने आ रही वारदातों से व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम ग्रीन पार्क कॉलोनी स्थित या रसूल्लाह मस्जिद के सामने गरीब नवाज किराना दुकान पर दो महिलाओं ने 4400 रुपए कीमत के तेल के डिब्बे खरीदे. भुगतान ऑनलाइन करने की बात कहकर उन्होंने दुकानदार को उलझाए रखा और रकम खाते में आने की पुष्टि से पहले ही बिना नंबर की स्कूटी से भाग निकलीं. दुकान संचालक गुलाम हुसैन देहलवी ने पुलिस को बताया कि दोनों महिलाओं के चेहरे नकाब से ढंके हुए थे.

जानकारी मिली कि इस वारदात के कुछ देर बाद ही चंदूवाला रोड स्थित आसिफ ट्रेडर्स पर भी इसी तरह की वारदात दोहराई गई. स्थानीय लोगों के मुताबिक खजराना, आजाद नगर, बड़वाली चौकी और जूना रिसाला जैसे इलाकों में भी इसी गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है. करीब एक माह पहले भागीरथपुरा में भी ऐसा ही मामला सामने आ चुका है.

### पुलिस आई हरकत में...

सूचना मिलते ही पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है. फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ में दुकानदार अक्सर भुगतान की पुष्टि तुरंत नहीं कर पाते, जिसका फायदा उठाकर ऐसे गिरोह वारदात को अंजाम देते हैं. फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.